# काशी सांसद स्केचिंग प्रतियोगिता-2026
# नियम एवं शर्तें

## 1. श्रेणियाँ (आयु/कक्षा के आधार पर)

प्रतियोगिता निम्नलिखित चार श्रेणियों में आयोजित की जाएगी–

- कक्षा 01 से 05
- कक्षा 06 से 08
- कक्षा 09 से 12
- कक्षा 12 से अधिक (सामान्य श्रेणी)

## 2. प्रतियोगिता का माध्यम

- स्केचिंग (Pencil Sketch)
- माध्यम - पेंसिल, चारकोल पेंसिल, ग्रेफाइट पेंसिल आदि।
- आधार सामग्री - सफेद ड्राइंग शीट/स्केच पेपर।

## 3. विषय (Theme)

प्रतिभागी निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर स्केचिंग बना सकते हैं–

1. काशी के घाट
2. काशी की गलियाँ
3. काशी के मंदिर
4. काशी का इतिहास
5. काशी का भोजन एवं व्यंजन
6. काशी के हस्तशिल्प
7. काशी के विकास कार्य
8. माँ गंगा और काशी
9. काशी में जनजीवन
10. काशी में अन्य धर्म (जैन, बौद्ध आदि)
11. इतिहास और काशी

### 4. कलाकृति का आकार

- श्रेणी–A एवं B: 13 × 18 इंच (या आयोजन समिति द्वारा निर्धारित आकार)
- श्रेणी–C एवं D: 36 × 36 इंच

### 5. आवश्यक पात्रता

1. प्रतिभागी वाराणसी जनपद के स्थायी अथवा अस्थायी निवासी होने चाहिए।
2. प्रतिभागी केवल अपनी निर्धारित आयु/कक्षा श्रेणी में ही भाग ले सकते हैं।
3. ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा।
4. केवल पंजीकृत प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति होगी।
5. पंजीकरण केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।
6. प्रतिभागी को नाम, पता, विद्यालय/संस्थान, मोबाइल नंबर तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो उपलब्ध कराने होंगे।

### 6. प्रतियोगिता के नियम

1. सभी प्रतिभागी अपनी कला सामग्री स्वयं लाएँगे। आयोजन समिति कोई सामग्री उपलब्ध नहीं कराएगी।
2. प्रत्येक प्रविष्टि को पूर्व निर्धारित कोड/क्रमांक दिया जाएगा।
3. कलाकृति पर कलाकार का नाम अथवा कोई पहचान चिन्ह अंकित नहीं होगा।
4. प्रत्येक स्केचिंग के साथ शीर्षक एवं लगभग 50–100 शब्दों का संक्षिप्त विवरण देना होगा।
5. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
6. आयोजन समिति आवश्यकता पड़ने पर नियमों में संशोधन अथवा आवश्यक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगी।
7. प्रत्येक प्रविष्टि आधिकारिक वेबसाइट पर निर्धारित समयावधि में अपलोड करनी होगी।
8. शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को अपनी मूल (Original) कलाकृति प्रदर्शनी एवं अंतिम मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत करनी होगी।
9. प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान घोषित किए जाएंगे।
10. सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

11. चयनित कलाकृतियों का प्रदर्शन आयोजन समिति द्वारा निर्धारित तिथियों में किया जाएगा।
12. किसी भी कलाकृति में अवैध, आपत्तिजनक, अश्लील, घृणास्पद, भ्रामक अथवा कानून-विरुद्ध सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 7. पुरस्कार

प्रत्येक श्रेणी में–

- प्रथम पुरस्कार
- द्वितीय पुरस्कार
- तृतीय पुरस्कार

सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र तथा विजेताओं को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह।

## 8. बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Rights)

प्रतियोगिता में प्राप्त सभी कलाकृतियों के प्रकाशन, प्रदर्शन, पुनरुत्पादन, प्रचार-प्रसार एवं अन्य शैक्षिक अथवा सार्वजनिक उपयोग का अधिकार आयोजन समिति के पास सुरक्षित रहेगा। इस उपयोग के लिए प्रतिभागी अथवा कलाकार किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक अथवा मुआवज़े का दावा नहीं करेंगे।